आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 01.09.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश सरकार ने समूह ग के वर्दीधारी पदों पर सेवामुक्त अग्निवीरों के लिए क्षैतिज आरक्षण नियमावली– 2025 जारी की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – सरकार शिक्षा को आधुनिक बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।
- सरकार ने चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा को 5 सितंबर तक स्थगित किया।
- प्रदेश में पिछले 24 घंटों से हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी, मौसम विभाग ने पांच सितम्बर तक राज्य में बारिश का अनुमान व्यक्त किया है।

**अग्निवीर क्षैतिज आरक्षण**

प्रदेश सरकार ने उत्तराखंड राज्याधीन सेवाओं में समूह ग के सीधी भर्ती के वर्दीधारी पदों पर सेवायोजन के लिए सेवामुक्त अग्निवीरों को क्षैतिज आरक्षण नियमावली– 2025 जारी कर दी है। इसी नियमावली के जरिए अब सेवामुक्त हुए अग्निवीरों को विभिन्न विभागों के वर्दीधारी पदों पर 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें पुलिस आरक्षी, उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर पीएसी, अग्निशामक, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी, बंदी रक्षक, उप कारापाल, वन आरक्षी, वन दरोगा, आबकारी सिपाही, प्रवर्तन सिपाही और सचिवालय रक्षक जैसे महत्वपूर्ण वर्दीधारी पद शामिल हैं।

**"साथी केंद्र"**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा को आधुनिक बनाने, नए महाविद्यालय स्थापित करने और शोध को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने आज खटीमा के हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में "साथी केंद्र" का शुभारम्भ करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता ही देश के विकास की नींव होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि "प्रोजेक्ट साथी" के तहत देशभर के विद्यार्थी आई.आई.टी और आई.आई.एस.सी के प्रोफेसरों से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं। इंजीनियरिंग, मेडिकल, बैंकिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अब ग्रामीण और दूरदराज़ के छात्रों के लिए भी आसान हो गई है।

**खटीमा गोलीकांड**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज खटीमा गोलीकांड की बरसी पर उधमसिंह नगर स्थित खटीमा शहीद स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में शहीद राज्य आंदोलनकारियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार, राज्य आंदोलनकारियों के आदर्शों और सपनों को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड के आंदोलन में नारी शक्ति की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है, उन्होंने आंदोलन में बढ़–चढ़कर भाग लिया। राज्य निर्माण में मातृ शक्ति की भूमिका को देखते हुए सरकार ने राज्य की महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए राज्य सरकार की नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया गया है। साथ ही शहीद आंदोलनकारियों के परिवारों के लिए 3 हजार रुपये मासिक पेंशन की सुविधा भी शुरू की गई है, इसके साथ ही घायल और जेल में बंद आंदोलनकारियों को 6 हजार रुपये तथा सक्रिय आंदोलनकारियों को साढ़े चार हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है।

**कनार घी**

पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक सराहनीय पहल शुरू की है। जिलाधिकारी विनोद गिरि गोस्वामी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय में स्टॉल के माध्यम से अपने उच्च गुणवत्ता वाले और स्वास्थ्यवर्धक घी को प्रदर्शित किया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक इसकी खरीदारी की। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पहल न केवल कनार गांव के लोगों की आजीविका को बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि स्थानीय उत्पादों को एक व्यापक मंच प्रदान करके उत्तराखंड के अन्य गांवों के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बसे लोगों के लिए आय के नए स्रोत विकसित होंगे और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।

**चारधाम यात्रा**

राज्य में जारी बारिश और आगामी दिनों के लिए मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए सरकार ने चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा को 5 सितंबर तक स्थगित कर दिया है। गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यात्रा स्थगित करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे प्रतिकूल मौसम को देखते हुए फिलहाल यात्रा मार्गों पर यात्रा न करें और प्रशासन की ओर से जारी परामर्श का पालन करें। उन्होंने कहा कि मौसम सामान्य होने और मार्गों के सुचारू होने पर यात्रा फिर से शुरू की जाएगी।

श्री पांडेय ने कहा कि स्थानीय प्रशासन की ओर से सड़क मार्गों की निगरानी, सफाई और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

उत्तराखंड में पिछले 24 घंटों से हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश के कारण अलकनंदा, मंदाकिनी, भगीरथी और यमुना सहित अन्य सहायक नदियां उफान पर हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि राज्य में बारिश और इससे जुड़ी प्राकृतिक आपदाओं के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

चमोली, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जिलों में सबसे अधिक भूस्खलन की घटनाएं दर्ज की गई हैं। भूस्खलन और भूधंसाव के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में कई आवासीय भवनों और किसानों के खेती को नुकसान पहुंचा है। चमोली, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जिलों में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। प्रशासन की ओर से प्रभावितों के लिए खाद्य सामग्री सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था की गई है।

भूस्खलन के कारण बार–बार बंद हो रही सड़कों को खोलने का कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर, उत्तरकाशी और हरिद्वार जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि शेष जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। विभाग ने उत्तरकाशी और देहरादून में कल के लिए भी तेज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी रोहित थपलियाल के अनुसार, 5 सितंबर तक पूरे प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश के आसार बने हुए हैं।

मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए चमोली जिले में कल सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है।

उधर, बीआरओ ने चमोली जिले में भारत–चीन सीमा पर नीति घाटी में भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कर आवागमन सुचारू कर दिया है।